हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 26 मई 2025

तापमान

अधिकतम 36.3 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

12 पटरी निर्माण की मांग पर किसानों ने दिया धरना



12 गवर्नमेंट कॉलेज में पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म शुरू



## खबर संक्षेप




**कुरुक्षेत्र।** धार्मिक परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते सिख मिशन हरियाणा के इंचार्ज सुखविंदर सिंह एवं अन्य।

### धार्मिक प्रश्नोत्तरी का परिणाम किया घोषित

**कुरुक्षेत्र।** सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के इंचार्ज सुखविंदर सिंह ने बताया कि राज्य के विभिन्न स्कूलों में एसजीपीसी के वरिष्ठ उप प्रधान रघुजीत सिंह विर्क के नेतृत्व में धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस संदर्भ में हाल ही में श्री हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल, झांसा में धार्मिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसका परिणाम आज घोषित किया गया है। प्रतियोगिता में अवनीत कौर, जसमीत सिंह और एकमप्रीत कौर ने प्रथम श्रेणी में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी श्रेणी में हरगुण सिंह, गुरमनदीप कौर और जशनप्रीत कौर ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### कैंटर चालक निकले लूट के मास्टर माइंड

**जींद।** जींद-गोहाना ग्रीन फिल्ड नेशनल हाइवे पर तीन दिन पहले हुई पांच लाख 17 हजार रुपये की लूट के मास्टर माइंड खुद कैंटर के दोनों चालक थे। जिन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ मिल कर लूट को अंजाम दिलवाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने कैंटर कैटर चालक तथा दोनों दोस्तों को गिरफ्तार उनके कब्जे से लूटी गई राशि तथा वारदात में प्रयोग बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने जांच की तो कैटर चालक फिरोज खान तथा उसका साथी अंकित लूट के मास्टर माइंड निकले।

# आंधी-बारिश से गिरे बिजली के पोल और पेड़, बिजली आपूर्ति हुई ठप

- बरसात आने से गर्मी से मिली राहत लेकिन रातभर गायब रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रदेश के अनेक जिलों में शनिवार रात मौसम ने अचानक करवट बदल ली। आसमान में बादल छाने के बाद तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इससे जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं, आंधी के चलते रात में बिजली गुल हो गई।

आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ व बिजली के पोल भी गिर गए, जिस वजह से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। रविवार की प्रातः बिजली की आपूर्ति बहाल हो सकी। हालांकि कुछ स्थानों पर बारिश होने से बाद में मौसम खुशगवार हो गया। रात्रि हुई झमाझम बारिश ने नगर परिषद के दावों की पोल खोल कर रख दी है। बारिश के कारण कई कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की स्थिति रही।

हालांकि पब्लिक हेल्थ विभाग की टीम ने कॉलोनियों में जाकर जलभराव की समस्या को दूर किया। आंधी व तेज बारिश के कारण जगह-जगह टमाटर की फसल को भारी नुकसान हुआ है। किसान रामबीर, मोहन, प्रवेश ने बारिश व तेज हवा से टमाटर की फसल को हुए नुकसान के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।

### सड़कों पर लगे होर्डिंग भी आंधी में गिर गए

कुरुक्षेत्र में शनिवार रात्रि अचानक से मौसम बदला और तेज आंधी शुरू हो गई। इससे जिला में विभिन्न स्थानों पर पेड़ व कई गांवों में बिजली के पोल टूट गये। कई स्थानों पर लगे हुए होर्डिंग भी तेज आंधी में गिर गए। पेड़ टूटकर सड़क पर गिरने से जाम के हालात बन गए। आंधी के दौरान झमाझम बारिश आई। तेज आंधी से शहर के अधिकतर क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। वहीं रविवार को दोपहर तक आसमान में बादल छाये रहने से गर्मी से राहत मिली।





**कुरुक्षेत्र।** कॉलोनी में बारिश के कारण हुए जलभराव की समस्या को दूर करती पब्लिक हेल्थ विभाग की टीम। तथा अमीन-समाना मार्ग पर सड़क के बीच गिरा पड़ा पेड़। *फोटो : हरिभूमि*

### अंधड़ से जनजीवन हुआ प्रभावित

तेज अंधड़ चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ। अंधड से बिजली की आपूर्ति ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज हवा के कारण कई जगहों पर सड़कों के बीच में पेड़ गिर गए जिस कारण यातायात प्रभावित हुआ। वहीं तापमान में गिरावट आने से आमजन को गर्मी से भी कुछ राहत मिली है। रविवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### केंद्रीय मंत्री ने जनप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को साथियों के साथ सुना

# दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना देश के लिए बड़ी उपलब्धि : मनोहर लाल

### युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सभी साथियों के साथ सुना।

- प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम जनभागीदारी का सशक्त मंच

ऑपरेशन सिन्दूर से लेकर नवाचार, संस्कृति, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत तक, प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को सुना और उनसे प्रेरणा ली। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने पुष्प गुच्छ देकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने इससे पूर्व भाजपा कोर ग्रुप की बैठक ली और संगठन की मजबूती तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत, तिरंगा यात्रा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मनोहर लाल ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। जोकि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। भारत 10 साल पहले आठवीं या नौंवी अर्थव्यवस्था मानी जाती थी, वो आज विकास करते-करते दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, अभी जापान को पीछे छोड़ा है, लेकिन 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2047 तक दूसरे या पहले स्थान पर भी पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि 2047 में देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर न सिर्फ भारत देश एक विकसित देश बने बल्कि हर प्रांत विकसित हो, आदर्श प्रांत के रूप में आत्मनिर्भर भारत के साथ आत्मनिर्भर प्रदेश और फिर साथ में जिला और गांव इस प्रकार से आत्मनिर्भर बने। इस उद्देश्य से एक-एक गांव तक पहुंचने और जनता को हर योजना का लाभ देने के लिए विकास के कार्य केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन 11 मई को होना था लेकिन पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना और भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते यह समापन समारोह स्थगित कर दिया गया था।



**करनाल।** पत्रकारों से वार्ता करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व अन्य।

अब स्थितियां सामान्य होने पर इस सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन आज स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें कबड्डी व खो-खो की श्रेष्ठ टीमों को सम्मानित किया जाएगा। गांव सालवन में 29 मई को राज्य स्तरीय महाराणा जयंती के आयोजन पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि इससे युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा मिले और इस दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष विचार प्रचार-प्रसार योजना के तहत सभी महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाई जा रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा के विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, अशोक गुज्जर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर ठगी के तीन केसों में सात आरोपी गिरफ्तार



- आरोपियों से 46 हजार की नकदी और एक मोबाइल फोन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

साइबर पुलिस ने ठगी के तीन मामलों को सुलझाकर सात आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 46 हजार की नकदी के साथ एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 21 मई 2025 को जांच के दौरान आरोपी राजस्थान के इंद्रराज, नरसी लाल, संजय व राहुल सिंह को गिरफ्तार किया था। तीन दिन के रिमांड में पुलिस ने आरोपियों से 46 हजार रूपये नकदी व 1 मोबाइल बरामद किया गया है। मामले में अब तक कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 27 लाख 46 हजार रूपये रूपये बरामद किए जा चुके हैं। करीब 17 लाख रूपये खातों में फ्रीज करवाए गए हैं। इस मामले में पालम विहार के राजेंद्र कुमार ने 6 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 5 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपियों ने पुलिस बनकर ऑनलाइन फर्जी अरेस्ट वारंट भेजकर तथा डरा धमका कर डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 2.64 करोड़ रुपये की ठगी की थी। एक अन्य मामले में पुलिस ने यहां के गुरूनानक कॉलोनी के रहने वाले प्रिंस व तरनजीत सिंह वासी सेठी गार्डन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने 5 दिन का रिमांड लिया है।

# वंदे भारत और दुर्ग एक्सप्रेस रोकने वाले यात्रियों के खिलाफ होगी एफआईआर

- आरपीएफ वीडियो फुटेज के जरिए हंगामा करने वाले यात्रियों की पहचान की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वंदे भारत व दुर्ग एक्सप्रेस का रास्ता रोकने वाले दैनिक यात्रियों के खिलाफ केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। आरपीएफ अब ट्रेन के आगे खड़े होकर रेलवे ट्रैक बाधित करने वालों यात्रियों की पहचान कर रही है।

इसके लिए वीडियो व सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है। जांच टीम ने स्टेशन मास्टर को लिखित शिकायत सौंपने वाले दैनिक यात्रियों का नाम व मोबाइल नंबर भी लिया गया है। इन यात्रियों से पूछताछ के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। कुछ रोज पहले अचानक ट्रेन लेट होने की वजह से कुछ यात्रियों ने रेलवे स्टेशन पर हंगामा कर वंदे भारत व दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन को रेलवे ट्रैक पर ही रोक दिया था।इन यात्रियों ने रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर रेलवे के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की थी। घटना शुक्रवार की सुबह की है। जब ट्रेन निर्धारित समय पर नहीं पहुंची तो कुछ यात्री स्टेशन मास्टर के कार्यालय में पहुंच गए। यहां भी यात्रियों ने हंगामा किया था। अंबाला से अंब अंदौरा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन का विस्तार रायपुर स्टेशन तक हो गया है। ऐसे में अब यह मेमू ट्रेन घंटों की देरी से अंबाला स्टेशन पर पहुंच रही है। इस कारण सहारनपुर, यमुनानगर और बराड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से चंडीगढ़ जाने वाले दैनिक यात्री परेशान हो रहे थे। उन्हें ड्यूटी में देरी होती है। इस कारण दैनिक यात्रियों ने शुक्रवार को कैंट स्टेशन पर आई अंब अंदौरा वंदे भारत सहित उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस का संचालन बाधित कर दिया था।

#### वीडियो फुटेज की मदद

आरपीएफ प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि वंदे भारत का संचालन बाधित करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए वीडियो फुटेज की भी मदद ली जा रही है।

# शेयर मार्केट के नाम पर ठगे 27.95 लाख

- अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करवा कर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर प्रोफेसर कॉलोनी निवासी चंद्र प्रकाश से 27 लाख 95 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी चंद्र प्रकाश ने शिकायत में बताया कि गत 27 मार्च को वह घर पर था। इस दौरान उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक नंबर से मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह शेयर मार्केट के एक ग्रुप से जुड़ गया। व्हाट्सएप पर आरोपी ने उसे शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करके अधिक लाभ कमाने का झांसा दिया। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे 27 मार्च से 14 मई के बीच अलग-अलग करके 27 लाख 95 हजार रुपये अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने आरोपी को इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट मांगा तो आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

# रोहिणी नक्षत्र में 8 जून तक रहेंगे सूर्यदेव

- विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने सूर्य भगवान के प्रवेश की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

विश्वकर्मा मंदिर रादौर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि रविवार को सूर्य देव भगवान का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश हो गया है। सूर्य देव भगवान आठ जून की आधी रात तक रोहिणी नक्षण में रहेंगे। इसके साथ ही नौतपा की शुरुआत हो गई है। जो 8 जून तक चलेगा।

पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि नौतपा के इन 9 दिन जबरदस्त गर्मी पड़ने के आसार हैं। जिस कारण तापमान बहुत अधिक बढ़ सकता है। सूर्य के रोहिणी में प्रवेश के पहले 9 दिनों को नौतपा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि नौतपा के सभी नौ दिन पूरी तरह से तपें तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है। अब सूर्य 8 जून को आधी रात तक रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे। रोहिणी नक्षत्र का अधिपति ग्रह चंद्रमा है जो शीतलता का प्रतीक है। जबकि सूर्य को तेज और प्रताप का प्रतीक माना गया है। सूर्य जब चन्द्र के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश करता है तो वह रोहिणी को अपने प्रभाव में ले लेता है। ग्रहों में भी अस्त व्यस्तता हो जाती है। इसी वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है। तापमान बढ़ जाने के कारण ही मौसम में तबदीली होती है। आंधी और तूफान भी आने लगते हैं।



**रादौर।** सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश की जानकारी देते पुजारी अवध बिहारी पांडे।

#### नौतपा शुरू

उन्होंने बताया कि नौतपा में पृथ्वी और सूर्य काफी नजदीक आ जाते हैं। इस समय रोहिणी की शुभता और कोमलता पर सूर्य के अग्नि तत्व का असर पड़ता है। सूर्य की रोशनी सीधे लंबवत पड़ने से पृथ्वी पर गर्मी में तेजी आ जाती है। इस बीच अगर नौतपा के दौरान बारिश हो जाती है तो उसे नौतपा का गलना कहा जाता है।

### लोकमाता होलकर की जयंती लगातार 10 दिन मनाएगी भाजपा : कृष्ण लाल पंवार

# अहिल्याबाई ने सर्वसमाज की भलाई के लिए किया कार्य

- सिरसगढ़ में जिला गोष्ठी में पधारे पंचायत मंत्री पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है। 21 से 31 मई 2025 तक जिला में अलग-अलग जगहों पर यह जयंती समारोह मनाए जाएंगे।

इसी कड़ी के अंतर्गत केएल रिसोर्ट सिरसगढ़ में जिला गोष्ठी का आयोजन किया गया। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सिरसगढ़ में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर एक महान शासक, योद्धा और समाजसेवी थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में अपने समस्त मालवा क्षेत्र को समृद्धि और सुरक्षा प्रदान की। उनकी जयंती के अवसर पर, हम उनके जीवन और योगदानों को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। पंवार ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए अहिल्याबाई होलकर ने कई हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया और शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा दिया, उन्होंने सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने का साहसिक कार्य किया, अहिल्याबाई होलकर ने अपने क्षेत्र में सडक़ निर्माण और जल संरक्षण के बुनियादी ढांचे पर जोर दिया और स्थानीय हथकरघा उद्योग का विकास किया।




**अंबाला।** पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का अभिनंदन करते भाजपा नेता ।

उन्होंने कहा कि वह सभी से आग्रह करते हैं कि वे लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती को अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने महापुरूषों की जयन्तियों को सरकारी तौर पर मनाकर उन्हें मान-सम्मान देने का काम किया हैं। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 300 वर्ष पूर्व जब महिलाओं का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल होता था उसे समय अहिल्याबाई ने घर से बाहर निकल कर पढ़ाई की और उसके उपरांत राज्य की व्यवस्था संभाल कर एक कुशल प्रशासक के रूप में राज किया जिसमें सर्व समाज के लोग खुशी-खुशी रहते थे। इस दौरान पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी, सह संयोजक बीनू गर्ग व विवेक गुप्ता, ममता सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा, मंडल अध्यक्ष मुलाना नीरज शर्मा, साहा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, बराड़ा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, मोहड़ा मंडल अध्यक्ष कुलदीप बड़ौला, आदि मौजूद रहे।

#### ये रखी मांगें

इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नौहनी ने मांग पत्र के माध्यम से कालपी से नारायणगढ़ रोड (वाया ठाकुर द्वारा-मिर्जापुर) मार्ग का नाम मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर मार्ग रखने, मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर आईटीआई नोहनी, मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति स्थापित करने , नौहनी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम से लाईब्रेरी स्थापित करने की मांग रखी। पंचायत मंत्री ने आश्वस्त किया कि इन सभी मांगों को पूरा करने का काम किया जाएगा।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

- जगाधरी बुड़िया रोड पर चौधरी देवीलाल कॉलेज के पास हुआ हादसा
- एक्टिवा पर गुरुद्वारे में माथा टेकने जा रहा था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी बुड़िया मार्ग पर चौधरी देवीलाल कॉलेज के पास गुरुद्वारे में माथा टेकने जा रहे एक्टिवा सवार व्यक्ति की ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जगाधरी की इंदिरा कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय वरयाम सिंह रविवार सुबह अपनी एक्टिवा पर बुड़िया स्थित गुरुद्वारे में माथा टेकने के लिए जा रहा था। रास्ते में जब वह चौधरी देवीलाल कॉलेज के पास पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से उसकी एक्टिवा टकरा गई। जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसके सिर पर चोट लगने से अधिक खून बह गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने मृतक के दस्तावेजों के आधार पर उसके परिजनों को फोन किया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# तेज आंधी और बारिश से करनाल में तबाही, अंधेरे में डूबा पूरा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

बीती रात आई तेज आंधी और बारिश ने करनाल शहर में भारी तबाही मचाई। शहर के कई इलाकों से नुकसान की खबरें सामने आई हैं। सदर बाजार क्षेत्र में एक पुरानी जर्जर इमारत का छज्जा गिरने से नीचे खड़ी एक कार पूरी तरह मलबे में दब गई और चकनाचूर हो गई।

कार मालिक ने बताया कि वह रोजाना अपनी कार घर के बाहर खड़ी करता था, लेकिन पास में किसी की मृत्यु के चलते वहां टेंट लगा हुआ था, जिस कारण उसे अपनी कार कुछ दूर खड़ी करनी पड़ी। उसे अंदाज़ा नहीं था कि जिस स्थान पर उसने गाड़ी खड़ी की है, वहां ऊपर से छज्जा गिर सकता है। इस हादसे में कार पूरी तरह बर्बाद हो गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि कार में रखी भगवान शिव की मूर्ति सुरक्षित रही।

**अंडरपास में भरा पानी, ड्राइवर परेशान:** तेज बारिश के कारण घरौंड़ा अंडरपास में पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कई वाहन पानी में फंस गए जिन्हें क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया।

**पूर्व में भी हुआ था हादसा, चेतावनी की अनदेखी:** स्थानीय निवासियों ने बताया कि 15 वर्ष पहले भी इसी स्थान पर एक जानलेवा हादसा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा जर्जर भवनों की हालत सुधारने के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

### जर्जर इमारत का छज्जा गिरा दबकर कार हुई चकनाचूर



बारिश से गिरी जर्जर इमारत।

### कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रोड पर गिरे पेड़

तेज आंधी के चलते कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के पास सड़क के बीचों-बीच एक बड़ा पेड़ गिर गया। इससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। राहगीरों विजय कुमार और दिनेश ने बताया कि मौके पर दो पेड़ गिरे थे, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हुआ। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पेड़ों को हटाया, जिसके बाद देर रात तक रास्ता साफ हो सका और आवाजाही बहाल हुई।

### बिजली व्यवस्था ठप, खंभे गिरे

तेज हवाओं के कारण करनाल के कई इलाकों में बिजली के खंभे गिरने की खबरें भी सामने आई हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और लोग रातभर अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। नगर निगम की ओर से बिजली बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

# आंधी-बारिश से पोल्ट्री फार्म के दो बड़े शेड गिरे, 3000 चूजों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में घरौंडा के गांव फुरलक में शनिवार देर रात तेज आंधी और बारिश ने तबाही मचा दी। इस दौरान पोल्ट्री फार्म के दो बड़े शेड गिर गए। शेड का मलबा गिरते ही उसमें रखे हजारों चूजे दब गए। फार्म मालिक ने बताया कि करीब 2500 से 3000 चूजों की मौत हो चुकी है, बाकी बचे चूजे घायल हैं और धीरे-धीरे मर रहे हैं। जानकारी के अनुसार फुरलक गांव के बलराज पान्नू बीते 15 सालों से पोल्ट्री फार्म चला रहे हैं। उन्होंने बादशाहपुर रोड पर तीन शेड बनाए थे, जिनमें एक सिंगल स्टोरी और दो डबल स्टोरी के थे। फार्म में कुल 8 हजार चूजे रखे गए थे। शनिवार और रविवार की रात जब तेज हवा और बारिश आई, तो उसका एक सिंगल स्टोरी और एक डबल स्टोरी शेड पूरी तरह गिर गया। उस समय चूजे इन्हीं शेड में थे। बलराज जब सुबह फार्म पर पहुंचा तो वहां का मंजर देख उसका दिल बैठ गया। दो शेड पूरी तरह जमींदोज थे और चूजे मलबे के नीचे दबे हुए थे। करीब 2 हजार चूजे वहीं मर चुके थे, बाकी इधर-उधर भाग रहे थे। बचे हुए चूजों को जैसे-तैसे एकत्र किया गया और बचे हुए तीसरे डबल स्टोरी शेड में शिफ्ट किया गया। लेकिन ये चूजे भी घायल हैं और धीरे-धीरे उनकी भी मौत हो रही है। 20 दिन के थे चूजे, कीमत 31 रुपए प्रति पीस बलराज ने बताया कि उसने यह 8 हजार चूजे 31 रुपए प्रति पीस के हिसाब से खरीदे थे। सभी चूजे मात्र 20 दिन के थे। अभी उनका विकास होना बाकी था और उन्हीं से पूरी आमदनी की उम्मीद थी। लेकिन अब उसका पोल्ट्री बिजनेस पूरी तरह ठप हो गया है। चूजों की कीमत, शेड की लागत और बाकी सामान को मिलाकर उसे लगभग 20 से 25 लाख रुपए तक का नुकसान हुआ है।



### 10 लाख का कर्ज, अब दोबारा खड़ा होना मुश्किल

बलराज ने बताया कि उसने पोल्ट्री बिजनेस को खड़ा करने के लिए 10 लाख रुपए का कर्ज भी ले रखा है। अब उसके पास इतनी सामर्थ्य नहीं कि वो दोबारा शेड बनाकर काम शुरू कर सके। पीड़ित ने सरकार से गुहार लगाई है कि उसे उचित मुआवजा दिया जाए ताकि वह अपने कारोबार को फिर से खड़ा कर सके।

## खबर संक्षेप

### गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ को लेकर बैठक कल

**करनाल।** यज्ञ सम्राट स्वामी श्री प्रखर जी महाराज के सानिध्य में विश्व व्यापी विविध प्रकार के उपद्रवों एवं आतंकवाद के शमन हेतु गायत्री शक्तिपीठ (मणिवेदिका पीठ), पुष्कर राजस्थान में गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ किया जाएगा। तैयारियों को लेकर करनाल के ब्राह्मण बंधुओं की मीटिंग 27 मई को शाम चार बजे करनाल जिला ब्राह्मण धर्मशाला में बुलाई गई है। यह जानकारी कृष्ण शर्मा बसताड़ा ने दी। मीटिंग की अध्यक्षता स्वामी श्री प्रखर जी महाराज करेंगे। कृष्ण शर्मा ने कहा कि पूज्य स्वामी श्री प्रखर जी महाराज के सानिध्य में होने वाले महायज्ञ में हजारों लोग भाग लेंगे। देश के कोने-कोने से ब्राह्मण बंधु पहुंचेंगे। राष्ट्र निर्माण तथा विश्व कल्याण में सहायक बनने के लिए महायज्ञ में पहुंचकर आहूतियां डालें।

### गोशाला में नंदीशाला के निर्माण का शिलान्यास

**करनाल।** रविवार को गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज श्री कृष्ण गऊशाला में नंदीशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधिवत रूप से कलश स्थापित किया गया। इसके बाद श्री कृष्ण गऊशाला की आम सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अगले दो वर्ष के लिए सुनील गुप्ता को ही प्रधान पद की जिम्मेवारी संभालने के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यकारी अध्यक्ष डा. एसके गोयल, महासचिव राम कुमार गुप्ता व कोषाध्यक्ष अरूण गुप्ता के रूप में कार्य करेंगे। सदस्यों ने पदाधिकारियों का फूल मालाएं डालकर स्वागत किया और मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। स्वामी

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान

**करनाल।** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए जेसीआई करनाल गोल्ड, श्री सनातन धर्म सभा, करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से 38वां रक्तदान शिविर श्री सनातन धर्म मंदिर कुंजपुरा रोड में लगाया गया। कैंप में 350 लोगों ने पंजीकरण करवाया और 311 लोग रक्तदान करने के योग्य पाए गए। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता ने शिरकत की। युवा समाज सेवी पारूल बालीी रहे।

## प्रदेश सरकार सभी वर्गों का बिना भेद भाव के कर रही विकास: भगवानदास

# विधायक ने एक करोड़ तीस लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने अमुपुर गांव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्र को नई सौगातें दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



तरावड़ी। विधायक भगवान दास कबीरपंथी विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुये। फोटो : हरिभूमि

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आज अमुपुर गांव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्र को नई सौगातें दीं। इन विकास कार्यों में मुख्य रूप से बाजीगर चौपाल, वाल्मीकी चौपाल, अम्बेडकर भवन, करताराम चौपाल, प्रजापत चौपाल, ब्राह्मण चौपाल, ई-लाइब्रेरी, बीसी चौपाल, राजीव गांधी युवा केंद्र शामिल हैं। इन सभी महत्वपूर्ण सामुदायिक भवनों और सुविधाओं का निर्माण लगभग एक करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से संपन्न हुआ है। इस अवसर पर विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से गांव के सभी वर्गों के लोगों को सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान मिलेंगे। चौपालें हमारी सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक हैं और यह नए भवन ग्रामीणों को आपस में जोडऩे और विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करते हैं। चौपालों से समाज के वर्गों को सशक्तिकरण और सामाजिक समानता की दिशा में बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी युवाओं और छात्रों को आधुनिक शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी से जोडऩे में सहायक होगी। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से इन नई सुविधाओं का सदुपयोग करने और क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर अमुपुर गांव के सरपंच युद्धवीर, ठाठ सिंह राणा, बॉबी राणा, विक्रम राणा, रोमी, राजिन्द्र भाम्भरी, दिलेर, पलविंद्र, रमेश तेहरी, भीम सिंह, बजींदर, सुभाष सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### यहां होंगे काम

विकास कार्यों में मुख्य रूप से बाजीगर चौपाल, वाल्मीकी चौपाल, अम्बेडकर भवन, करताराम चौपाल, प्रजापत चौपाल, ब्राह्मण चौपाल, ई-लाइब्रेरी, बीसी चौपाल, राजीव गांधी युवा केंद्र शामिल हैं

### बोले विधायक

विधायक कबीरपंथी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



करनाल। सोहाना धरना स्थल पर नारेबाजी करते हुए आंदोलनकारी ग्रामीण।

# रिंग रोड पर रास्ता बनाए जाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- मेवाती किसानों का जत्था पहुंचा सोहाना धरने पर, मांगों को लेकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जनपद के गांव सोहाना में रिंग रोड पर रास्ता बनाएं जाने की मांग के समाधान के लिए सोमवार को सुबह 11 बजे सेक्टर 12 स्थित मिनी सचिवालय में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी,एच.जी.इंटरा कंपनी व एनएचआई के प्रतिनिधि तथा भारतीय किसान यूनियन का 8 सदसीय शिष्टमंडल शामिल रहेगा। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया गांव सोहाना में रास्ता बनाए जाने की मांग का समाधान करने हेतू बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंन बताया कि भाकियू की ओर से प्रदेशाध्यक्ष रतनमान, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, चेयरमैन यशपाल राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, धरना संयोजक बबलू सोहाना, युवा नेता सूरज लाठर, कविंद्र, कृष्ण शर्मा, अशोक रोड फूंसगढ शिष्टमंडल में शामिल रहेगें। रविवार को धरना 12 वें दिन में प्रवेश कर गया है। रविवार को मेवात जिला तथा भाकियू दिल्ली प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष दलजीत डागर ने शिरकत की। मेवाती जत्थे में की अगुवाई अब्बास, मोहम्मद, मुबारिक, हाफीज सिराजुदीन आदि शामिल रहे। जत्थे की अगुवाई कर रहे भाकियू दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष दलजीत डागर का किसान एकता जिंदाबाद का जयघोष करके अभिनंदन किया।

### घास की साफ सफाई के लिए अभियान

**इंद्री।** खंड शिक्षा अधिकारी इंद्री धर्मपाल चौधरी की अगुवाई में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री के मैदान में खड़ी कांग्रेस घास की साफ सफाई के लिए अभियान चलाया गया। बीईओ के साथ अध्यापकों की टीम सुबह नौ बजे स्कूल में पहुंच गई और रिमझिम बरसात में कांग्रेस घास को उखाड़ना शुरू कर दिया। दोपहर तक स्कूल के मैदान व पूरे परिसर को कांग्रेस घास मुक्त कर दिया गया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को आयोजित सभा में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने छात्राओं से स्कूल के मैदान को कांग्रेस घास मुक्त बनाने का वादा किया था। रविवार को योजना के अनुसार बीईओ और उनकी टीम में शामिल अध्यापक महिन्द्र खेड़ा, अरुण कुमार कैहरबा, मान सिंह चंदेल, धर्मवीर लठवाल, जगदीश चंद्र, सबरेज अहमद आदि रहे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा अध्यक्ष की चाची के निधन पर किया शोक व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा



केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय श्री रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरूबचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती गुरूबचनी देवी एक धार्मिक और शालीन महिला थीं, जिन्होंने अपना जीवन आध्यात्मिक मूल्यों और पारिवारिक सद्भाव के लिए समर्पित किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से उनकी चाची जी के जीवन के बारे में विस्तार से जाना। स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी का निधन 19 मई को हो गया था। अन्य परिवार जनों से मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण से लगभग एक घंटे तक अलग से चर्चा की। गौरतलब है कि कल्याण की गिनती मनोहर लाल के करीबी व विश्वासपात्रों में होती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री विशम्भर वाल्मीकि, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। बता दें कि कल्याण फार्म पर गणमान्य व्यक्तियों व प्रशासनिक अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय चौटाला सहित अन्य मंत्रीगण ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय श्री रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरु बचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

### एडवोकेट वासु शांडिल्य ने जताया शोक

**घरौंडा।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण की चाची गुरबचनी देवी के निधन पर पर काउंसिल ऑफ लायर्स के चेयरमैन व सुप्रीम कोर्ट एवं पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शांडिल्य आज उनके निवास स्थान पर पहुंचे और शोक-संतप्त परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की।

## न्यूज डायरी



इंद्री। श्री हनुमान मंदिर इंद्री में श्री रामायण का पाठ करते आचार्य मोहित शर्मा

### शनि जयंती के उपलक्ष्य में किया श्री रामायण पाठ

**इंद्री।** मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा शनि जयंती के उपलक्ष्य में श्री हनुमान मंदिर इंद्री में अखंड श्री रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर सुधार सभा के प्रधान पवन सिंगला ने की। आचार्य मोहित शर्मा ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण द्वारा श्री रामायण की पूजा कर पाठ शुरू करवाया। इस पूजा मे सचिन गोयल ने परिवार सहित यजमान के रूप में भाग लेकर पाठ शुरू करवाया। सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि मंदिर सुधार सभा द्वारा श्री हनुमान मंदिर में श्री रामायण के पाठ का शुभारंभ किया गया है। सोमवार सुबह 9 बजे श्री रामायण जी के पाठ का भोग डाला जाएगा। उसके बाद सुबह 10 बजे हवन-यज्ञ कर 11बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।



करनाल। नि :शुल्क हेल्थ जांच कैंप में मौजूद चिकित्सक व आयोजक।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**करनाल।** भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा की ओर से पांचवां निशुल्क चिकित्सा शिविर सनातन धर्म मंदिर प्रेम नगर में लगाया गया। कैंप में डा. टीआर मिनोचा, डा. प्रतिभा मिनोचा, डा. बीके ठाकुर, डा. मीनू व डा. कोमल ने मरीजों का चैकअप किया और उन्हें उचित परामर्श देने के साथ निशुल्क दवाइयां वितरित की। मल्होत्रा क्लीनिकल लैब की ओर से शुगर, बी.पी. व आक्सीजन लेवल के टैस्ट निशुल्क किए गए। शिविर में गुर्दे की पथरी, जोड़ों के दर्द, स्त्री रोग, बवासीर, शुगर व पेट संबंधी रोगों की जांच की गई। अभिमन्यु शाखा अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा ने कहा कि भारत विकास परिषद के सेवा प्रकल्प के तहत यह कैंप लगाया गया है।

### 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को



करनाल। योग की तैयारी में जुटे साधक।

**करनाल।** हमारा मिशन स्वस्थ भारत की ओर से कर्ण पार्क मानव सेवा संघ के प्रांगण में मुख्य योग शिक्षक नवीन सन्दूजा द्वारा रोजाना योग क्लास लगाई जाती है जिसमें आए हुए योग साधकों को स्वास्थ्य रहने के टिप्स बताए जाते हैं। योग शिक्षक नवीन सन्दूजा ने बताया कि आने वाले 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। उन्होंने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए के बारे में प्रेरणा दी। योग के दौरान शरीर स्वस्थ्य एवं मन शांत बना रहता है, शरीर में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है, योग करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हमारा मिशन स्वस्थ भारत की टीम हर त्यौहार को अपने सैशन में बड़ी धूम धाम से मनाती हैं।

# तरावड़ी में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं अखंड भंडारा : रमेश गुप्ता

- वृन्दावन में विश्व विख्यात कथाव्यास अनिरूद्धाचार्य भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करेगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



श्रीमदभागवत कथा की जानकारी देते हुये सीएमडी रमेश गुप्ता

विश्व प्रसिद्ध तरावड़ी मे ब्रह्मलीन परमपूज्य गुरू बाबा बंसी वाले जी एवं परम श्रद्धेय श्री स्वामी मुक्तानन्द जी महाराज भिक्षु की असीम अनुकंपा से व पूर्वजों के पावन आर्शीवाद से शिव शक्ति इंटर ग्लोब एक्सपोर्टस प्रा.लि. की ओर से तरावड़ी मे 6 अगस्त से 13 अगस्त तक सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं अखंड भंडारे का नई अनाज मंडी में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुये शिव शक्ति इंटरग्लोब एक्सपोर्टस प्रा.लि. के सीएमडी. रमेश गुप्ता ने बताया कि स्वर्गीय लाला पन्ना लाल जी, भगवन्ती देवी जी की पुण्य स्मृति में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं अखंड भंडारे का आयोजन करवाया जा रहा है। 6 अगस्त को तरावड़ी के शिवशक्ति सत्संग भवन, नगर खेड़ा से कथास्थल अनाज मंडी तक विशाल कलश यात्रा निकाली जाऐगी। जिसमें शहर की 11 सौ महिलायें कलश लेकर व सैंकड़ो की तादाद लोग हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि 7 अगस्त से रोजाना सांय 3 बजे से सांय 6 बजे तक श्रीमदभागवत कथा समय रहेगा। जिसमें विश्व विख्यात कथा व्यास अनिरुद्धाचार्य जी श्रद्धालुओं को कथा सुनाकर जीवन को सार्थक बनाने का मार्गदर्शन करेगें। जिसमें शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य लोग भी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर सुशील कुमार, संजय बंसल व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आर्यन और अनाया के साहसिक कदम को सलाम

# नशे के खिलाफ नन्हे कदमों का बड़ा संदेश करनाल में हुआ बच्चों का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



### इन्होंने किया स्वागत

नन्हे बच्चों का स्वागत करने वालों में कुलवंत सिंह कलेर, भूपेन्द्र सिंह, एडवोकेट अरविंद मान, जानपाल, हरदयाल वड़ैच, गुलाब सिंह संधू, अंकित राणा, महल सिंह डांचर, पूर्व सरपंच जसबीर, पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, सूबे सिंह गोंदर, सरपंच प्रतिनिधि नवाब सिंह लागर, बूटा सिंह, सुखदेव लागर गुरबख्श सिंह, गुरजन्त सिंह शामिल रहे।

हरियाणा के पंचकूला निवासी 8 वर्षीय आर्यन और 9.5 वर्षीय अनाया अपनी अदम्य साहसिक यात्रा के तहत माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेकिंग पर निकले हैं। यह यात्रा केवल एक साहसिक कार्य नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने का एक बड़ा संदेश है। 30 अप्रैल 2025 को दिल्ली से नेपाल के लिए रवाना हुए इन बच्चों ने पहले भी कई कठिन चोटियों को फतह किया है और अब एवरेस्ट बेस कैंप की ओर बढ़ रहे हैं। इनकी यात्रा जब करनाल पहुंची तो निसिंग के पूर्व वाइस चेयरमैन बलदेव सिंह बरियार के नेतृत्व में विभिन्न संस्थाओं से जुड़े गणमान्य लोगों ने इन नन्हे साहसियों का फूल माला और पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने बच्चों के साहस को सलाम करते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। इन दोनों भाई-बहन को यह प्रेरणा डीएसपी ममता सौदा से मिली है, जो आर्यन की मां और अनाया की बुआ हैं। ममता सौदा ने बच्चों को न केवल मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार किया, बल्कि हर मोड़ पर मार्गदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी इन बच्चों से मुलाकात कर उन्हें हौसला दिया और 'ऑल द बेस्ट' कहते हुए उन्हें फ्लैग ऑफ किया। इस दौरान डीएसपी ममता सौदा, राजीव कुमार, पुष्पेन्द्र सियारण, कोमल और रजनी राठी मौजूद रहे। एवरेस्ट बेस कैंप 5,364 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां ऑक्सीजन की कमी और मौसम की अनिश्चितता सबसे बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियों के लिए आर्यन और अनाया ने विशेष प्रशिक्षण लिया है। अनाया एक प्रतिभाशाली जिमनास्ट भी हैं और पढ़ाई में भी अव्वल हैं। आर्यन ने शिवालिक रेंज, प्रौ पिक और मनाली की 14,100 फीट ऊंची चोटियों पर पहले ही विजय प्राप्त की है। इन बच्चों का सपना है कि वे अपने साहस से युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दें और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें।

## खबर संक्षेप

### विद्या भारती का प्रांतीय आचार्य सम्मेलन आयोजित

**समालखा।** पट्टीकल्याणा स्थित श्री माधव जन सेवा न्यास में विद्या भारती हरियाणा द्वारा प्रांतीय आचार्य सम्मेलन उद्दीप्त. 2025 का दीप प्रज्वललित कर शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मौसम खराब होने के कारण हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सम्मिलित नहीं हुए। वहीं निजी व्यवस्तता के कारण शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने स्काईलार्क के नजदीक गंदा नाला के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नूरवाला की गीता कॉलोनी निवासी राहुल के रूप में हुई है। शनिवार को गश्त के दौरान पुलिस को मिली सूचना के आधार पर नजदीक गंदा नाला के पास संदिग्ध युवक को से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान राहुल निवासी गीता कॉलोनी नूरवाला के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक गत 18 मई को नूरवाला की गीता कॉलोनी में एक घर के बाहर से चोरी करना स्वीकारा।

### पंच पद का शांतिपूर्ण तरीके से होगा चुनावः डॉ.दहिया

**पानीपत।** पंचायती राज संस्थाओं के जिला के 28 पंच पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 30 मई तक सुबह 10 बजे से लेकर सांय 3 बजे तक जारी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव का नामांकन 30 मई तक 24 और 29 मई राजपत्रित अवकाश को छोडक़र भर सकते हैं। वहीं 2 जून को नामांकन वापस लिया जा सकता है और इसी दिन दोपहर बाद 3 बजे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। जबकि 15 जून को सुबह 8 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा और इसी दिन मतगणना होगी और परिणाम की घोषणा की जाएगी।

### भाकपा का जिला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

**पानीपत।** भगतसिंह स्मारक में स्वतंत्रता सेनानी का. टीका राम सखुन सभागार में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का 11वां जिला सम्मेलन का. मामचंद सैनी, सेवा सिंह मलिक व विदुर फौर एडवोकेट की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में का.सुरत सिंह देशवाल एडवोकेट व का.मंगल सिंह दिलावरी ने भगतसिंह स्मारक के प्रांगण में कम्यूनिस्ट पार्टी का झंडा फहराया तथा सभी डेलीगेट साथियों ने शहीद राजगुरु, सुखदेव व भगतसिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि नारे लगाते हुए अर्पित की। जिला सह सचिव राम रतन एडवोकेट ने मंच संचालन किया।

### गणेश की पूजा से घर में रिद्धी-सिध्दी का वास होता


**पानीपत।** सनौली खुर्द स्थित शिव मन्दिर में चल रही शिवमहापुराण कथा में हुआ भगवान कार्तिकेय एवं श्री गणेश का प्राकट्य हुआ। कथा वाचक रामकृष्णाचार्य ने कहा कि भगवान गणेश जी की जो पूजा करता है उसके घर में रिद्धी.सिध्दी का वास होता है। भगवान गणेश सभी कार्यों को मंगल करने वाले हैं एवं सभी बिघ्नों का हरण करने वाले हैं। भगवान गणेश माता.पिता को सर्वश्रेष्ठ मानने के कारण सभी देवों में प्रथम पूज्य हैं।

## समाज में राजनीति करना नुकसानदायक होता है : डॉ.अरविंद शर्मा

# भगवान परशुराम जयंती समारोह का न्योता देने पानीपत पहुंचे अरविंद शर्मा

**एनएफएल, गोहाना रोड स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला एवं समालखा में बैठक में न्यौता दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत






पानीपत। मंत्री डा .अरविंद शर्मा भगवान परशुराम धर्मशाला में पहरावत का न्यौता देते हुए और मंत्री डा .अरविंद शर्मा के कार्यक्रम में पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

सहकारिता पर्यटन एवं जेल मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा आज जिला में 30 मई को रोहतक जिले के पहरावर गांव में आयोजित प्रदेश स्तरीय भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का निमंत्रण देने के लिए आए थे। उन्होंने एनएफएल, गोहाना रोड स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला एवं समालखा में आयोजित बैठक में पहरावर पहुंचने का न्यौता दिया।

डॉ.अरविंद शर्मा का ब्राह्मण समाज के अलावा अन्य कई समाज के लोगों ने पगड़ी, शाल व फू ल माला पहनाकर सम्मान किया। भगवान परशुराम धर्मशाला में पहुंचने पर मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने भगवान श्री परशुराम का पूजन अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि पहरावर में राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव 36 बिरादरी मिलकर मना रही है। इससे समाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सभी महापुरुषों के जन्मोत्सव सरकारी स्तर पर राज्य स्तर पर मना रही है। उसी के तहत 30 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सर्व समाज के लोग शामिल होकर भगवान परशुराम की जयंती मनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह ऐसा अवसर होगा की 50 साल पहले पंडित भगवत दयाल शर्मा ने पत्थर रखा था या अब रखा जाएगा,15.5 एकड़ जमीन गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को दान दी गई थी। वहीं उसमें कुछ कानूनी अड़चन आ गई थी। जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दूर किया और अब उसे आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी काम कर रहे हैं। समारोह का न्यौता देने के लिए वह सभी जिलों में जा रहे हैं। जहां उक्त समारोह को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि बिरादरी में राजनीति करना नुकसानदायक होता है। वहीं सरकार से भिडऩे का भी कोई फायदा नहीं होता। 36 बिरादरी ने मिलकर सरकार को बनाया है। इसलिए सभी को अपनी हिस्सेदारी का एहसास होना चाहिए। उन्होंने बताया कि समारोह को सैनिकों के सम्मान में समर्पित किया गया है। उन्होंने पानीपत जिले के ब्राह्मण समाज के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने साथ अन्य समाज के लोगों को भी समारोह में लेकर आए।

### 70 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था

सरकार ने महोत्सव में 70 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की है , जबकि एक लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है। डॉ.अरविंद शर्मा का परशुराम धर्मशाला में प.रघुबीर मांड़ी, मा.हवासिंह डिडवाड़ी, समाज के प्रदेशाध्यक्ष सतीश शर्मा डाहर, धर्मशाला के प्रधान रामफल शर्मा व पूर्व सरपंच सुरेंद्र शर्मा ने पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। वहीं गांव राजाखेड़ी के डॉक्टर सतबीर शर्मा, बलवान शर्मा, सुखबीर शर्मा एडवोकेट, वीरेंद्र शर्मा, सुनील भारद्वाज, दिनेश शर्मा नारा ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद अंजली शर्मा, अजय शर्मा, पंकज शर्मा, योगेश शर्मा, माइकल शर्मा, पटवारी कृष्ण सैन, धर्मवीर कौशिक, राजेंद्र हलदाना, रामपाल शर्मा, मनोज शर्मा एडवोकेट,जेपी गौड़, संजीव शास्त्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम ने विश्वास दिलाया कि 30 मई को पहरावर में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव में पानीपत से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे।



पानीपत। रविवार को मंत्री डा .अरविंद शर्मा का स्वागत करते पूर्व पार्षद मनोज शर्मा, दिनेश शर्मा व अन्य । फोटो : हरिभूमि

## पहरावर में सीएम, मंत्री सांसद होंगे मौजूदः डा.शर्मा

- 30 मई को पहरावर में आयोजित होगा राज्य स्तरीय सम्मेलन
- संत महापुरुषों की जयंती सरकार के स्तर पर मनाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

शहर के ब्लूजे रेस्टोरेंट में आज 30 मई को पहरावर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का न्यौता देने के लिए समालखा पहुंचे प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत महापुरुषों की जयंती को सरकार के स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल की सोच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

रोहतक के पहरावर में 30 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। जिसको लेकर ब्राह्मण समाज व 36 बिरादरी में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने 30 मई को होने वाले इस जन्मोत्सव समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, मंत्रीमंडल सहयोगी गौरव गौतम, केन्द्र सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, पालिकाओं व पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### इन्होंने किया सम्मानित

इस मौके पर ब्राह्मण सभा प्रधान सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों नें फूल मालाओं द्वारा व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

## जीव की सेवा के लिए मिला इंसान का रूप

- धूमधाम से मना श्रीकृष्ण गौशाला का वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। पत्रकार राममेहर कौशिक को सम्मानित करते गौशाला के पदाधिकारी।

गांव जलमाना स्थिति श्री कृष्ण गोशाला का वार्षिकोत्सव आज गोशाला में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी गायों की पूजा अर्चना कर उन्हें हरा चारा खिलाया गया। इसके अलावा वार्षिक उत्सव पर हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों के अलावा आसपास के ग्रामीणों में भी भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष चौ.रतन सिंह रावल एडवोकेट, विशिष्ठ अतिथि सुमेर सरपंच लोहारी,राममेहर कौशिक पत्रकार, शिवकुमार सरपंच बापौली, विनोद मित्तल, जयप्रकाश सिंगला, कृष्ण गर्ग, रमेश मित्तल दिल्ली पहुंचे। जिनका आयोजकों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत एवं पगड़ी पहनकर तथा समृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सभी अतिथियों द्वारा गौशाला को अपने सामर्थत्य के अनुसार दान राशि भेंट की गई। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार सुरेंद्र करणा पलवल व सपना चौधरी रोहतक द्वारा हरियाणवीं सांस्कृतिक की प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि चौ.रतन सिंह रावल एडवोकेट ने कहा कि गाय माता की सेवा करने से हमें 36 करोड़ देवी देवताओं की सेवा करने का शुभ अवसर प्राप्त हो जाता है। वैसे तो हमें हर जीव की सेवा करने के लिए ईश्वर द्वारा यह इंसान रूपी शरीर दिया गया है, पर इसमें गाय माता की सेवा करना सबसे उत्तम माना है। हर व्यक्ति को दान देकर पुण्य का भागी बनना चाहिए।

## संत दर्शन सिंह जी महाराज की बरसी पर लगे शिविर में एकत्रित हुआ 60 यूनिट रक्त

- जहां महापुरुष बैठता है वही स्थान तीर्थ बन जाता है : गौरव चुघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। कृपाल आश्रम के शिविर में रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाते हुए मेयर कोमल सैनी व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

सावन कृपाल रूहानी मिशन बरसत रोड नूरवाला आश्रम में आपज संत दर्शन सिंह जी महाराज की बरसी पर रक्तदान शिविर व सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में रोहतक कृपाल आश्रम से आए परिचर गौरव चुघ ने संत राजेंद्र सिंह जी महाराज की तालीम से अवगत कराया। उन्होंने बताया सावन सिंह जी के सत्संग में जब कोई खड़े होकर अपने पाप कबूल करता था और माफी मांगता था तो हजूर प्यार से अपना दाहिना हाथ उठाकर कहते थे जो हो गया ठीक है लेकिन आगे मत करना किसी महापुरुष का आदर उसके स्थान के कारण नहीं होता बल्कि स्थान का आदर महापुरुषों से होता है। जहां महापुरुष बैठता है वही तीर्थ बन जाता है। हमारे बहुत से पाप सत्संग में बैठने से ही समाप्त हो जाते हैं । उनकी 36वीं बरसी पर रक्तदान शिविर में आज 60 बहन भाइयों ने रक्तदान किया। प्रधान राजा सिंह ने सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है। वहीं रक्तदान शिविर की शुरूआत महापौर कोमल सैनी ने रिबन काटकर की। उप प्रधान जोगिंदर नरूला ने कहा आप रक्तदान करके निःस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी की जान बचाएगा। शिविर में नरूला परिवार के 6 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें राजेंद्र नरूला ने 102वीं बार रक्तदान किया। सचिव योगराज, चमन गुलाटी ने परिवार का धन्यवाद किया संगत ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## श्री गणेश मंदिर में पहुंची भगवान की मूर्तियां 1 से कार्यक्रम, प्राण प्रतिष्ठा 7 जून को होगी

- 1 से 6 जून तक अनुष्ठान, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में 5 पंडित बनारस से होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। श्री गणेश मंदिर में रवविवार को भगवान की मूर्तियों के साथ समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मॉडल टाउन की भाटिया कॉलोनी स्थित श्री गणेश मंदिर का मंदिर बनकर पूरी तरह से तैयार है। आज मंदिर में जयपुर से मूर्तियां भी लाई गई हैं। अब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 7 जून को होगी। इससे पहले 1 से 6 जून तक मंदिर में अनुष्ठान कार्यक्रम होगा। आचार्य लालमणि पांडे के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में 5 पंडित बनारस से, तीन चित्रकूट से और दो पंडित पानीपत से होंगे। महासचिव हरीश बंसल ने बताया कि यह शहर का पहला गणेश मंदिर बन रहा है। सातों दिन संकीर्तन भी होगा।

मंदिर की नींव रखने वाले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ही मंदिर का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान मंत्री महपील ढांडा, मंत्री कृष्ण लाल पंवार और विधायक प्रमोद विज भी शामिल होंगे। इस अवसर पर समिति प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल, कैशियर सतीश फुटेला,जोगिंदर कुंडू और जोगिंदर गाबा मौजूद रहे।

## योगाचार्य के लिए रोजगार की समस्या नहीं

- सार्वदेशिक आर्य वीर दल शारीरिक एवं बौद्धिक शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। शिविर में प्रशिक्षकों के साथ आचार्य राजकुमार शर्मा । फोटो : हरिभूमि

आर्य बाल भारती स्कूल में हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक और स्कूल प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल परिसर में छह दिवसीय सार्वदेशिक आर्य वीर दल एवं सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल शारीरिक एवं बौद्धिक शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दूसरे दिन वेदाचार्य एवं धर्माचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त शर्मा, जगदीश चहल, आशा अरोड़ा, प्रवीण आर्य, कर्ण आर्य, जयराम आर्य विशिष्ट अतिथि रहे। वहीं दीक्षा, इशिका व वंशिका सम्मानित अतिथि रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी। आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि आर्य वीर दल की स्थापना की आवश्यकता क्यों पड़ी इस बात को बड़ी अच्छी तरह प्रकाशित करते हुए कहा कि आर्य वीरदल आर्य समाज की शैक्षिक संस्था है।

### योग बनाता निरोग

योग और ध्यान योग से जहां तन मन स्वस्थ रहता है वहीं योगाचार्य के लिए रोजगार की कोई समस्या नहीं है इसीलिए सभी छात्रों को दिमाग केंद्रित करके यह प्रशिक्षण लेना चाहिए।

### दशहरा को लेकर श्री रामलीला कमेटी संचालन समिति की बैठक सम्पन्न



पानीपत। दशहरा को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** श्री रामलीला कमेटी देवी मंदिर संचालन समिति की एक बैठक आज समिति के प्रधान आदर्श गुप्ता की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई। बैठक में सभी सदस्यों को दशहरा पर्व को लेकर जिम्मेदारी सौंप गई। समिति के महासचिव मनोज सिंगला ने बताया कि इस वर्ष 20 अक्टूबर से 3 नवंबर तक प्राचीन श्री देवी मंदिर में होने वाली रामलीला के मंचन के लिए हरिद्वार की प्रसिद्ध कलाकार सुषमा कौशिक को आमंत्रित किया गया है। वहीं 3 नवंबर को राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में हांस्य कवि सम्मेलन भी किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कवि अरुण जैमिनी, प्रवीण शुक्ल, आशीष अनल, डॉ.कीर्ति काले, डॉ.अर्जुन सिसोदिया व पीके आजाद को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। बैठक में सरपरस्त गोविंद गोयल, मनोज गोयल, संजय बंसल, वीरेंद्र बंसल, नवल जिंदल, बृजभूषण गर्ग, विनय सिंगला व गंगाराम मौजूद रहे।

## मेयर कोमल सैनी, विधायक प्रमोद विज और गजेंद्र सलूजा के साथ लोगों में दिखा उत्साह

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनने के लिए जुटे भाजपाई और आमजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बबैल मंडल के बूथ नंबर 73 पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के लिए वार्ड 6 की पार्षद कोमल पांचाल के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम मेयर कोमल सैनी रही। जबकि अध्यक्षता वार्ड 6 की पार्षद कोमल पांचाल ने की। वहीं कुटानी मंडल के अध्यक्ष सुमित गर्ग, बूथ अध्यक्ष ईसम पांचाल, बबैल मंडल महामंत्री बिजेंद्र पांचाल, मंडल के मन की बात के संयोजक रविंद्र पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि पीएम मोदी मन की बात के माध्यम से पूरी दुनिया में उन प्रतिभाशालियों को पहचान दिलाने का काम किया जा रहा है। जिनको उनके निकटतम व्यक्ति भी नहीं जानते। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि पीएम मोदी ने पूरे भारत का नाम भी दुनिया में रोशन करने का काम किया है।

### गजेंद्र सलूजा ने बूथ न.157 पर सुनी मन की बात



**पानीपत।** दक्षिण मंडल के बूथ नंबर 157 पर महेंद्र कत्याल के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा,अमित नारंग, अरुण पसरीचा, विकी कत्याल, नरेंद्र, राजपाल सहगल, हिमांशु विरमानी, गोपाल तायल, संजय जुनेजा, दीपक गोयल उपस्थित रहे।

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कृष्णपुरा में बूथ नंबर 189 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला मन की बात का कार्यक्रम था। जिसमें प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश ने एक जुटता दिखाते हुए सरकार और सेना का साथ दिया है।

### विज ने बूथ न. 189 में सुनी मन की बात



वहीं प्रधानमंत्री ने खेलों इंडिया गेम्स में हरियाणा के खिलाडिय़ों की भी प्रशंसा की। वहीं विज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र सेवा हेतु उन्हें प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सचिन सिंगला, सुनील कंसल, राजेश भारद्वाज, नकुल जैन, मीनू शर्मा, किरण सैनी, गुरुदत्त एवं पार्षद सुरेंद्र गर्ग, सतीश सहगल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नया ट्यूबवेल चालू किया गया

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के गोल्डन पार्क क्षेत्र में नया ट्यूबवेल पूरी तरह से चालू हो गया है। इससे कई कॉलोनियों के निवासियों को राहत मिली है। वार्ड नंबर दस के पार्षद रमन छतवाल व बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका धन्यवाद जताया। छतवाल ने कहा कि मंत्री अनिल विज की बदौलत बहुत ही कम समय में खराब ट्यूबवेल के स्थान पर नया ट्यूबवेल लगाते हुए उसे चलाया गया है।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 को

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 मई को 12 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण भवन व सड़के विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि मीटिंग के दौरान चयनित शिकायतों पर सुनवाई होगी। उन्होंने बताया कि मीटिंग को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### 80 फीसदी मिलेगा अनुदान

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. जसविंद्र सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जिला में फसल विविधिकरण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भूमि की उर्वकता बनाए रखने व हरी खाद को बढ़ावा देने के लिए उंचा के प्रर्दशन प्लाटों का आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिला में 2160 क्विंटल ढैंचे का बीज 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। उंचा बोने के इच्छुक किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### दो दिन आयोजित होंगे शिविर

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के तहत अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार व प्रत्येक बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय शिविर उपायुक्त कार्यालय तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे।

### बराड़ाः वार्षिक उर्स मुबारक 29 को

**बराड़ा।** गांव डेरा सलीमपुर स्थित सरकार अस्तबली बाबा जी का तीसरा वार्षिक उर्स मुबारक आगामी 29 मई को बड़ी श्रद्धा एंव धूमधाम से मनाया जाएगा। गद्दी नशीन रवि भगत ने बताया कि 29 मई को शाम 7 बजे चादर शरीफ का कार्यक्रम होगा। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात को 9 बजे से कव्वाली आयोजित होगी।

### मांग पर विचार न हुआ तो किसानों ने प्रशासन को दी हाईवे जाम की चेतावनी

# मारकंडा नदी पर पटरी निर्माण की मांग हेमामाजरा में किसानों ने दिया धरना

■ आज एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों व किसानों की बैठक आयोजित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव हेमामाजरा में मारकंडा नदी पर पटरी निर्माण की मांग को लेकर रविवार को हेमामाजरा, तंदवाल, घेलड़ी, सोहाना सहित आसपास के गांवों के किसानों ने नेशनल हाईवे-344 किनारे हेमामाजरा गांव के मोड़ पर सांकेतिक धरना दिया। किसानों का साथ देने के लिए भारतीय किसान यूनियन भी धरने में शामिल हुई। धरने के दौरान जब प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो किसानों ने हाईवे जाम करने की चेतावनी दी।

स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार साहा हरि ओम मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि हेमामाजरा में मारकंडा नदी के पानी को गांवों में घुसने से रोकने के लिए अस्थायी प्रबंध का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सोमवार को एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों व किसानों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। प्रशासन की इस पहल के बाद करीब 4 घंटे चला धरना समाप्त किया गया। इस दौरान मौके पर डीएसपी सुरेश कौशिक, मुलाना थाना प्रभारी महेंद्र सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।





अंबाला। हेमामाजरा के पास सड़क किनारे धरना देते किसान, किसानों के समझाती पुलिस व नायब तहसीलदार को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### भाकियू ने दिया किसानों को समर्थन

धरने में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह ने कहा कि यह समस्या केवल किसानों की नहीं बल्कि आमजन की भी है। हर वर्ष बरसात के समय नदी का पानी गांवों में घुसकर फसलें तबाह करता है। उन्होंने कहा कि यूनियन ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और अगर जरूरत पड़ी तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पटरी निर्माण के लिए जिन किसानों की जमीन की जरूरत है, वे पहले ही निशुल्क या तय मुआवजे पर जमीन देने को तैयार हो चुके हैं। प्रशासन के साथ भूमि अधिग्रहण को लेकर बातचीत भी हो चुकी है, जिसमें प्रति एकड़ करीब 40 लाख रुपये मुआवजा तय किया गया था। इसके बावजूद अब तक सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं। कार्य तक शुरू नहीं हुआ।

#### पूर्व विधायक के आवास पर होगा प्रदर्शन

ग्रामीणों ने आपसी सर्वसम्मति से फैसला लिया कि अगर प्रशासन पटरी को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाता तो भाजपा की पूर्व विधायक संतोष सारवान के निवास स्थान पर धरना दिया जाएगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि अगर किसी नेता को उनकी सुध लेनी है तो इस समय उनके साख खड़ा हो, गांव में मारकंडा नदी के पानी आने पर केवल सहानुभूति जताने न आए । इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक पूजा चौधरी और सासंद वरुण चौधरी को भी आड़े हाथों लिया । बता दें कि मारकंडा पुल से लेकर हेमामाजरा गांव तक मारकंडा नदी पर पटरी नहीं है। बरसाती मौसम में यहीं से मारकंडा नदी का पानी कई गांवों की फसलों को बर्बाद करता है। इसके चलते किसानों को काफी आर्थिक नुक्सान होता है। 2023 में आई बाढ़ के चलते मारकंडा नदी ने इसी रास्ते से हेमामाजरा, तंदवाल, घेलड़ी, सोहाना, राऊमाजरा सहित शाहबाद तक कई गांवों के किसानों की फसलों को नष्ट कर दिया था । जिसके बाद से किसान हेमामाजरा में मारकंडा नदी पर पटरी बनाने की मांग कर रहे है । इसी मुद्दे को लेकर तत्कालीन सिंचाई मंत्री अभय यादव व सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों ने मौके का दौरा भी किया था लेकिन उसके बाद भी अब तक हेमामाजरा में पटरी नहीं बनीं । जिसके चलते गुस्साए किसानों ने नेशनल हाईवे किनारे हेमामाजरा गांव के मोड़ पर धरना दिया।

#### धरने में ये रहे मौजूद

धरने में मनदीप बोपाराय, अशविंद्र सिंह, कमलदीप सिंह, भाकियू युवा जिलाध्यक्ष गुलाब पुनिया, आईटी सैल प्रधान सुखविंदर सैनी, ब्लॉक प्रधान राजदीप, बलजिंद्र सिंह, मान सिंह, कुलवंत सिंह, शेरपाल, शिव कुमार, हरिन्द्र सिंह, अशोक कुमार, रमेश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

## सहारनपुर से अंबाला आने वाली गाड़ी नं 64501 को चंडीगढ़ तक किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



सहारनपुर से अंबाला तक चलने वाले पैसेंजर ट्रेन 64501 को अंबाला की बजाय सहारनपुर से चड़ीगढ तक चलाए जाने की मांग की है। बता दें कि इस ट्रेन में सहारनपुर से चंडीगढ़ पीजीआई को जाने वाले मरीज व नौकरी पेशा लोग बड़ी संख्या में सफर करते है लेकिन यह ट्रेन अंबाला तक ही चलती है, ऐसे में इस ट्रेन में सफर करने वाले लोगों को अंबाला में उतरना पड़ता है। यहां पर खड़ी एक अन्य गाड़ी संख्या 64563 को पकडन्ना पड़ता है जोकि चंडीगढ़ की ओर जाती है। इन दोनों गाडिय़ों का आपस में लिंक था लेकिन पिछले कुछ दिनों से गाड़ी संख्या 64563 का रूट हिसार रायपुर तक कर दिया गया था ऐसे में अब यह ट्रेन रायपुर-हिसार से आ रही है लेकिन अंबाला तक पहुंचते-पहुंचते यह ट्रेन कई घंटे देरी से पहुंच रही है जिससे गाड़ी संख्या 64501 से आने वाले पीजीआई चडीगढ़ के मरीजों व नौकरी पेशा लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में दैनिक यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि गाड़ी संख्या 64501 को सहारनपुर से सीधा चंडीगढ़ तक चलाए ताकि पीजीआई चंडीगढ़ में जाने मरीजों व दैनिक यात्रियों को आसानी हो सके।

## विधायक अशोक अरोड़ा पर हमला निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुरुक्षेत्र की थानेसर नगर परिषद की बैठक में कांग्रेस विधायक और एक भाजपा पार्षद प्रतिनिधि के बीच हुए घटनाक्रम की इनेलो ने कड़े शब्दों में निंदा की है। इनेलो व्यापार सैल के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन चौधरी ने कहा कि दो दिन पहले नगर परिषद की बैठक में भाजपा पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा और एक अन्य शख्स टोनी मदान ने विधायक अशोक अरोड़ा पर हमला कर दिया। विधायक के साथ हाथापाई की गई। मीटिंग से एक दिन पहले ही नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी की ओर से आदेश जारी किया गया था कि मीटिंग में केवल चुने हुए पार्षद, कार्यालय अधिकारी और कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं। इसके बावजूद पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा और टोनी मदान मीटिंग में आए। दोनों ने जानबूझ कर हंगामा किया। विधायक के साथ हाथापाई की।

## गवर्नमेंट कॉलेज में शुरू हुआ पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। प्राचार्य का आभार जताते शिक्षक।

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में इस सत्र से जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में पीजी डिप्लोमा शुरू हो रहा है। इस संबंध में कल उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेश जारी हो गए। पीजी डिप्लोमा शुरू होने पर मास कम्युनिकेशन विभाग के टीचर्स ने प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल बाजवा ने कहा कि इस एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा शुरू होने पर अब अंबाला के छात्रों को कुरुक्षेत्र या फिर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा कि इस पीजी डिप्लोमा का कार्यरत मीडियाकर्मियों को भी लाभ होगा। पीजीडीजेएमसी में किसी भी विषय से ग्रेजुएट डिग्री पास छात्र दाखिला ले सकता है। कॉलेज में पहले ही बीए मास कम्युनिकेशन की तीन वर्षीय जॉब ओरियंटेड डिग्री करवाई जाती है। इस मौके पर मास कम्युनिकेशन विभाग से डॉ. बलजिंदर कौर,प्रो. धर्मवीर सिंह व प्रो. हितेश मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन से पकड़ी गांजा की बड़ी खेप

### बिहार से लुधियाना जा रही थी नशे की खेप, तस्कर 2.850 किलो गांजा के साथ पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रेलवे पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान जांच टीम ने आरोपी से 2 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया है। अब पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से बीते रोज अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। इस दौरान पुलिस को एक ट्रेन में बैठे युवक पर शक हुआ। पुलिस ने युवक के सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसमें गांजा बरामद हुआ। इसके बाद उसे ट्रेन से उतार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रेलवे पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार युवक की पहचान नरेश महतो निवासी समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक के पास से दो किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया है। यह युवक गांजे की खेप को लेकर समस्तीपुर बिहार से पंजाब के लुधियाना जा रहा था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह यह गांजे की खेप को एक अन्य व्यक्ति को सौंपने वाला था। आरोपी नरेश लुधियाना में डिलिवरी लेने वाले को शक्ल से ही पहचानता है। पुलिस ने बताया कि शक्ल के आधार पर उसका स्केच तैयार कराया जाएगा। जिसके बाद युवक की भी तलाश की जाएगी।

## कम्युनिस्ट पार्टी का जिला स्तरीय सम्मेलन पार्टी कार्यालय में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 16वां जिला स्तरीय सम्मेलन एमसी कालोनी स्थित पार्टी कार्यालय में हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता मंगली राम शर्मा, राम रतन एडवोकेट, पवन कुमार सैनी एडवोकेट, राजेश कुमार व जिले सिंह ने संयुक्त रूप से की। सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए देश के निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट के लिए मौन रखा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव राम रतन सैनी व दरियाव सिंह कश्यप ने उद्घाटन भाषण दिया। कॉमरेड जिले सिंह पाल ने पिछले वर्ष की रिपोर्ट पेश की। सभी साथियों ने रिपोर्ट का समर्थन किया। कामरेड जिले सिंह पाल ने आगामी वर्ष के लिए कार्यकारिणी के 11 साथियों का अनुमोदन किया। सर्वसम्मति से जिले सिंह पाल को दोबारा करनाल जिला सचिव चुना गया। जिले सिंह पाल ने कहा कि आने वाले समय में कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सीपीआई के राज्य सम्मेलन में सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन की रुपरेखा बनाई जाएगी। नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी समर्थन करती है।

महिलाओं का अभिनंदन करते पदाधिकारी



## हवन यज्ञ में डाली आहुतियां महिलाओं ने लिया आशीर्वाद

■ हवन यज्ञ हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग: किरण बाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला ब्राह्मण सभा के सचिव की ओर से परशुराम मंदिर में हवन यज्ञ करवाया गया। भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार अंबाला शहर में रविवार को हवन यज्ञ में आहुतियां डाली गई। सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी अपना जन्मदिन मंदिर में आकर मनाएं। भगवान का आशीर्वाद ले। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपने जन्मदिन का खर्च वहन नहीं कर सकता तो उसका खर्च सभा द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर किरण बाला ने कहा कि हवन यज्ञ हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। हवन में सभी देवी देवताओं का आह्वान किया जाता है। इससे न केवल सभी ईष्ट देवताओं की पूजा होती है बल्कि वातावरण भी शुद्ध हो जाता है।इस अवसर पर माधव शर्मा, सुरिन्द्र वत्स, जय भगवान, अविनाश पुरी, जुगल किशोर शर्मा, शिव आसरा, जसविंद्र शर्मा, जय किशन इत्यादि भक्त जन मौजूद रहे।

**मौसम की मार** | शनिवार रात मौसम ने ली अगड़ाई, आंधी और बारिश ने छकाया

# बरसात की वजह से कई रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव, अंडरपास से निकलना हुआ दूभर

■ दो पहिया के साथ चार पहिया वाहन भी पानी में फंसकर खराब, पूरे दिन राहगीरों की रही मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। इंको अंडरपास में जमा पानी से गुजरते वाहन । फोटो : हरिभूमि

देर रात हुई भारी बरसात से कई रिहायशी कॉलोनियों में पानी जमा हो गया। कई सड़कों पर भी जलभराव की स्थिति रही। इसी वजह से लोगों को गंदे पानी से निकलना पड़ा। सबसे बुरा अंबाला शहर स्थित इंको अंडरपास का रहा। यहां अंडरपास तालाब में तब्दील हो गया। इसकी वजह से दोपहिया वाहन चालक बेहद परेशान हुए। पैदल राहगीर पानी की वजह से अंडरपास से गुजर नहीं पाए। कई कारें भी अंडरपास में फंसकर खराब हो गई। इस दौरान नगर निगम की ओर से पानी निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। लोगों का कहना है प्री मानसून की बरसात ने ही जलभराव की स्थिति पैदा कर दी है। थोड़ी सी बरसात से ही सड़कें जलमग्न हो जाती है। सड़कें जलमग्न होने से काम पर निकलना मुश्किल हो जाता है। नगर निगम अगर समय-समय पर नाले नालियों की सफाई करवाएं तो अंबाला की सड़कों पर बाढ़ की स्थिति पैदा नहीं होगी। बारिश पड़ने से एक तरफ जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। दूसरी तरफ लोगों के लिए समस्या भी बढ़ गई। थोड़ी ही देर की बारिश ने प्रशासन के सभी दावों की पोल खोलकर रख दी। सड़कें और गलियां तालाब बन गई। जलभराव के कारण आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिले में कई जगह अंडर पास बने हुए हैं। अंडर पास में पानी भर जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन अंडरपास में हल्की सी बरसात होने के बाद पानी भर जाता है। इसी वजह से यहां से निकलना बेहद मुश्किल हो जाता है।

## नस्ल के साथ समाज की जड़ें भी कमजोर कर रहा है नशाः डीएसपी सुरेश कुमार

■ डीएसपी ने ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव अधोया में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डीएसपी सुरेश कुमार ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को बर्बाद करता है, बल्कि समाज की जड़ें भी कमजोर करता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने बच्चों को भी इससे दूर रखने का प्रयास करें।

डीएसपी ने कहा कि अधिकतर अपराधों की जड़ में नशा होता है और पुलिस इस पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है।

उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने छोटे बच्चों को वाहन न चलाने दें क्योंकि इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की भी अपील की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुखविंद्र सिंह, जसविंद्र सिंह सोहाता, दलीप सिंह अधोया, आशीष गर्ग, सरपंच रवि सीवनमाजरा, प्रवीण शर्मा, सुभाष शर्मा, सुशील, बोबी, नीरज, ओमप्रकाश, सतपाल समेत अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005